>

Title: Need to improve telephone services in Himachal Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): महोदय, बी.एस.एन.एल. ने टेलीकम्युनिकेशन हेतु देशभर में अपना नेटवर्क स्थापित किया है, लेकिन हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में उसकी कार्यक्षमता पर प्रश्नचिह्न लग गया है क्योंकि लैंडलाइन के माध्यम से निगम अपनी सेवाएं नहीं दे पा रहा है। हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन एक्सचेंज महीनों तक खराब पड़े रहते हें। कई स्थानों पर खुली तारें बिछाई गयी हैं जिन्हें असामाजिक तत्व काट-काटकर ले जाते हैं तथा संपूर्ण क्षेत्र में दूरसंचार बिल्कुल ठप्प हो जाता है।

मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र के जिला शिमला, सोलन एवं सिरमौर में मोबाइल सेवा के नेटवर्क टावर लगभग एक वर्ष से लगे हुए हैं, लेकिन उन्हें आपरेशनल नहीं किया गया है। इससे आम आदमी को जो दूरसंचार सेवा उपलब्ध होना चाहिए, वह नहीं हो रही है और दूसरी ओर निगम को भी राजस्व की हानि हो रही है। अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जी से अनुरोध है कि संपूर्ण हिमाचर प्रदेश में भारत संचार निगम की सेवाओं में सुधार किया जाए, जहां टावर बने हुए हैं, उन्हें चालू किया जाए, जहां एक्सचेंज खराब पड़े हैं, उन्हें तत्काल सुधार जाए एवं जनता की शिकायतों को अविलम्ब दूर किया जाए।